सशक्त पंचायत सतत् विकास

150 Years of Vande Mataram

सत्यमेव जयते

पंचायती राज

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

पुरस्कृत पंचायतों एवं संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियाँ

2025

पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार

सशक्त पंचायत सतत् विकास

150 Years of Vande Mataram

सत्यमेव जयते

Panchayati Raj

NATIONAL PANCHAYAT AWARDS

BEST PRACTICES OF

AWARDEE PANCHAYATS AND INSTITUTIONS

2025

Ministry of Panchayati Raj
Government of India

परिचय

सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में भारत की प्रगति आज विश्व के सबसे बड़े जनभागीदारी आधारित विकास मॉडलों में से एक के रूप में उभरकर सामने आई है। इस परिवर्तन के केंद्र में पंचायती राज व्यवस्था है, जिसके अंतर्गत 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें तथा 32 लाख से अधिक निर्वाचित जनप्रतिनिधि देशभर में समावेशी शासन, सामुदायिक सहभागिता और सतत् ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। विविधताओं से परिपूर्ण भारत जैसे विशाल देश में पंचायतों के माध्यम से सतत् विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और जनकेंद्रित शासन का वैश्विक स्तर पर एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है।

इन प्रयासों को मान्यता और प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु पंचायती राज मंत्रालय प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करता है। यह दिवस राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस ऐतिहासिक संशोधन ने पंचायतों को स्थानीय स्वशासन की संवैधानिक संस्थाओं का दर्जा प्रदान किया।

सशक्त पंचायत सतत् विकास

विकसित भारत की परिकल्पना तथा संयुक्त राष्ट्र के वर्ष 2030 एजेंडा के अनुरूप, ये पुरस्कार सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण (स्थैळे) के नौ विषयों के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करते हैं। इनमें आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य, जल पर्याप्तता, सुशासन, आधारभूत संरचना, पर्यावरणीय सतत्ता तथा महिला नेतृत्व आधारित विकास जैसे विषय शामिल हैं। वर्ष 2025 में पुरस्कार व्यवस्था को पंचायत विकास सूचकांक (पं.वि.सू.) 2.0 से जोड़ा गया, जो सतत् विकास लक्ष्यों से संबद्ध लगभग 150 सूचकांकों पर पंचायतों के प्रदर्शन का साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन ढांचा है।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देश की उत्कृष्ट पंचायतों और संस्थानों, विशेषकर जिला पंचायत संसाधन केंद्रों, का चयन पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 14 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के सहयोग से की गई कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास पुरस्कार (डी.डी.यू.पी.एस.वी.पी.) के अंतर्गत, जो प्रत्येक स्थानीय सतत् विकास लक्ष्य विषय पर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को सम्मानित करता है, 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से 199 विशिष्ट ग्राम पंचायतों का प्रतिनिधित्व करते हुए 201 नामांकन प्राप्त हुए।

नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत् विकास पुरस्कार (एन.डी.एस.पी.एस.वी.पी.) के अंतर्गत पंचायतों को सभी नौ विषयों में समग्र उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मान्यता प्रदान की गई। विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत, 17 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 42 पंचायतों को इन श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

वर्ष 2025 में 'आत्मनिर्भर पंचायत विशेष पुरस्कार' (ए.एन.पी.एस.ए.) की शुरुआत भी की गई, जिसका उद्देश्य पंचायतों में वित्तीय आत्मनिर्भरता, स्थानीय आर्थिक सुदृढ़ता तथा स्व-स्रोत राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, नवीकरणीय ऊर्जा और कार्बन न्यूट्रैलिटी से संबंधित पूर्ववर्ती पुरस्कारों को समेकित कर 'क्लाइमेट एक्शन स्पेशल पंचायत अवार्ड' (सी.ए.एस.पी.ए.) के अंतर्गत शामिल किया गया। वहीं, 'पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार' (पी.के.एन.एस.एस.पी.) के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, नवाचार और संस्थागत सहयोग के जरिए पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने वाले संस्थानों को निरंतर सम्मानित किया गया।

विशेष श्रेणी पुरस्कार 2025 के अंतर्गत 8 राज्यों की 6 ग्राम पंचायतों और 3 संस्थानों को जलवायु कार्रवाई, स्थानीय आत्मनिर्भरता, जमीनी स्तर के सुशासन तथा संस्थागत क्षमता विकास में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार 24 अप्रैल 2025 को बिहार के मधुबनी में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रदान किए गए।

यह ई-पुस्तक पुरस्कार विजेता पंचायतों और संस्थानों की प्रेरणादायी यात्राओं तथा परिवर्तनकारी पहलों को प्रस्तुत करती है। यह दर्शाती है कि सशक्त स्थानीय स्वशासन संस्थाएँ किस प्रकार सतत, समावेशी और आत्मनिर्भर ग्रामीण विकास को गति प्रदान करते हुए भारत की सतत् विकास लक्ष्यों की यात्रा में सार्थक योगदान दे रही हैं। सफलता के इन अनुकरणीय मॉडलों को प्रस्तुत करते हुए यह प्रकाशन देशभर की पंचायतों एवं हितधारकों को नवाचार, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के निर्माण हेतु प्रेरित करने का प्रयास करता है।

महिला नेतृत्व की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही। डी.डी.यू.पी.एस.वी.पी. तथा एन.डी.एस.पी.एस.वी.पी. श्रेणियों के अंतर्गत सम्मानित 22 पंचायतों का नेतृत्व महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। विशेष श्रेणी पुरस्कारों में भी 6 में से 3 पुरस्कार विजेता ग्राम पंचायतों का नेतृत्व महिला सरपंचों ने किया। इस प्रकार, कुल 48 पुरस्कार विजेता पंचायतों में से 25 पंचायतों का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा, जो कुल पुरस्कार विजेताओं का 52 प्रतिशत से अधिक है। यह उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व ग्रामीण भारत में समावेशी विकास, लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण, जलवायु अनुकूलता तथा सामुदायिक नेतृत्व आधारित सतत् परिवर्तन को आगे बढ़ाने में महिला नेतृत्व की राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त भूमिका को पुनः स्थापित करता है।

INTRODUCTION

India's progress towards the Sustainable Development Goals (SDGs) stands among the world's largest examples of grassroots-led development. At the centre of this transformation is the Panchayati Raj system with over 2.5 lakh Gram Panchayats and more than 32 lakh elected representatives driving inclusive governance, community participation, and sustainable rural development across the country. In a vast country of ours with diversity of many factors, the localisation of SDGs through Panchayats represents a globally significant model of democratic decentralisation and people-centric governance.

To recognise and encourage these efforts, the Ministry of Panchayati Raj annually confers the National Panchayat Awards (NPA) on 24th April, celebrated as National Panchayati Raj Day, commemorating the enactment 73rd Constitutional Amendment Act, 1992, which granted constitutional status to Panchayats as institutions of local self-governance.

Aligned with the vision of Viksit Bharat and the United Nations 2030 Agenda, the awards promote excellence across the nine themes of Localization of SDGs (LSDGs), ranging from livelihoods support, health, and water sufficiency to governance, infrastructure, environmental sustainability, and women-led development. For the year 2025, the awards framework was linked to Panchayat Advancement Index (PAI) 2.0, an evidence-based framework assessing Panchayat performance across around 150 indicators aligned with SDGs.

National Panchayat Awards 2025 brought together some of India's best-performing Panchayats and Institutions (District Panchayat Resource Centres) through a rigorous evaluation process undertaken by the Ministry in collaboration with 14 Central Ministries and Departments. Under the Deen Dayal Upadhyay Panchayat Satat Vikas Puraskar (DDUPSVP), which recognises outstanding Gram Panchayats across each Localized Sustainable Development Goal (LSDG) theme, 201 nominations representing 199 unique Gram Panchayats were received from 27 States and Union Territories. The Nanaji Deshmukh Sarvottam Panchayat Satat Vikas Puraskar (NDSPSVP) recognised Panchayats for exemplary overall performance across all nine themes. Following a rigorous assessment process, 42 Panchayats across 17 States and Union Territories were conferred awards under these categories.

The year 2025 also marked the introduction of the Atma Nirbhar Panchayat Special Award (ANPSA) to promote fiscal self-reliance, local economic resilience, and enhanced Own Source Revenue mobilisation by Panchayats. In addition, the earlier awards on renewable energy and carbon neutrality were consolidated under the Climate Action Special Panchayat Award (CASPA), while the Panchayat Kshamta Nirmaan Sarvottam Sansthan Puraskar (PKNSSP) continued to recognise institutions making significant contributions towards strengthening Panchayati Raj Institutions through capacity building, training, innovation, and institutional support systems.

Under the Special Category Awards 2025, 6 Gram Panchayats and 3 Institutions across 8 States have been honoured for their exemplary work in climate action, local self-reliance, grassroots governance, and institutional capacity development. The Special Category Awards were conferred by the Hon'ble Prime Minister of India during the National Panchayati Raj Day celebration held on 24th April 2025 at Madhubani, Bihar.

This eBook presents the inspiring journeys and transformative initiatives of these award-winning Panchayats and institutions, showcasing how empowered local governments are advancing sustainable, inclusive, and self-reliant rural development while contributing meaningfully to India's SDGs journey. By showcasing replicable models of success, this publication aspires to inspire, and catalyse further innovation among Panchayats and stakeholders committed to building a sustainable and self-reliant rural India.

Women elected representatives led 22 award-winning Panchayats under the DDUPSVP and NDSPSVP categories. In the Special Category Awards, 3 out of the 6 award-winning Gram Panchayats were headed by women Sarpanches. Overall, women led 25 out of the 48 award-winning Panchayats under the National Panchayat Awards 2025, accounting for over 52 percent of the awardees. This remarkable representation reaffirms the nationally and globally recognised role of women's leadership in advancing inclusive development, democratic decentralisation, climate resilience, and sustainable community-led transformation across rural India.

राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह
RAJIV RANJAN SINGH ALIAS LALAN SINGH

सत्यमेव जयते

पंचायती राज मंत्री
और मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री
भारत सरकार
Minister of Panchayati Raj and
Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying
Government of India

DO. No.....MIN PR&FAHD/20.....

संदेश

सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) की दिशा में भारत की प्रगति, पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से जमीनी स्तर पर हुए परिवर्तन की शक्ति को प्रतिबिंबित करती है। 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को समावेशी एवं सतत् विकास में रूपांतरित किया है।

विकसित भारत @ 2047 की परिकल्पना तथा संयुक्त राष्ट्र के 2030 एजेंडा के अनुरूप, राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण में उत्कृष्टता को मान्यता प्रदान करते हैं तथा पंचायतों को नवाचार, सतत् विकास, सामाजिक न्याय और सहभागी शासन के केंद्र के रूप में उभरने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ये पुरस्कार ग्रामीण विकास के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली कार्यों को बढ़ावा देते हैं। मुझे हर्ष है कि स्थानीय शासन में महिलाओं का नेतृत्व निरंतर बढ़ रहा है, जहाँ वर्ष 2025 में 48 पुरस्कार विजेता पंचायतों में से 25 पंचायतों का नेतृत्व महिला प्रतिनिधियों ने किया है। उनकी उपलब्धियाँ सतत् विकास को आगे बढ़ाने तथा स्थानीय स्वशासन को सुदृढ़ करने में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती है।

मैं 'पुरस्कृत पंचायतों एवं संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियाँ' विषय पर यह ई-पुस्तक प्रकाशित करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय की सराहना करता हूँ तथा सभी पुरस्कृत पंचायतों एवं संस्थानों को हार्दिक बधाई देता हूँ। मुझे विश्वास है कि यह प्रकाशन देशभर की पंचायतों को समावेशी विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करेगा तथा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की भावना को वास्तविक रूप में प्रतिबिंबित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित विकसित भारत में योगदान देगा।

(राजीव रंजन सिंह)

Room No. 234, B- Wing, Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001 (India)
Ph. +91 11-23380780/81/82 Fax: +91 11- 23380783 Resi. 011-23782781/82

राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह
RAJIV RANJAN SINGH ALIAS LALAN SINGH

सत्यमेव जयते

पंचायती राज मंत्री
और मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री
भारत सरकार
Minister of Panchayati Raj and
Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying
Government of India

DO. No.....MIN PR&FAHD/20.....

MESSAGE

India's progress towards the Sustainable Development Goals (SDGs) reflects the strength of grassroots-led transformation through the Panchayati Raj system. More than 2.5 lakh Gram Panchayats have translated national priorities into inclusive and sustainable development.

Aligned with the vision of Viksit Bharat @ 2047 and the United Nations 2030 Agenda, the National Panchayat Awards recognise excellence in the Localization of Sustainable Development Goals (LSDGs) and encourage Panchayats to emerge as centres of innovation, sustainability, social justice, and participatory governance. The awards promote impactful work across various sectors of rural development. I am heartened by the growing leadership of women in local governance, with women representatives leading 25 of the 48 award-winning Panchayats in 2025. Their achievements reflect the transformative role of women in advancing sustainable development and strengthening local self-governance.

I commend the Ministry of Panchayati Raj for bringing out this e-Book on 'Best Practices of Awardee Panchayats and Institutions' and extend my heartfelt congratulations to all award-winning Panchayats and Institutions. I am confident that this publication will inspire Panchayats across the country towards inclusive development, good governance, and self-reliance, truly reflecting the spirit of "Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas, Sabka Prayas" and contribute to the vision of Viksit Bharat envisioned by Hon'ble Prime Minister.

(Rajiv Ranjan Singh)

Room No. 234, B- Wing, Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110 001 (India)
Ph. +91 11-23380780/81/82 Fax: +91 11- 23380783 Resi. 011-23782781/82

प्रो. एस.पी. सिंह बघेल
राज्य मंत्री
मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी
एवं
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

पंचायती राज

Prof. S.P. SINGH BAGHEL
Minister of State for
Fisheries, Animal Husbandry & Dairying
and
Panchayati Raj
Government of India

संदेश

पंचायतों के माध्यम से सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की अवधारणा भारत के उस विशिष्ट विकास मॉडल को प्रतिबिंबित करती है जिसमें ग्रामीण स्थानीय शासन, जनभागीदारी, समावेशन और सामुदायिक स्वामित्व के आधार पर विकास को गति प्रदान करता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पंचायतों की उपलब्धियाँ यह सिद्ध करती हैं कि स्थानीय स्वशा. सन संस्थाएँ ग्रामीण नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए वैश्विक विकास प्राथमिकताओं में प्रभावी योगदान दे सकती हैं।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार इन उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता प्रदान करते हैं तथा पंचायतों को आजीविका, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आधारभूत संरचना, पर्यावरणीय सतत्ता, महिला सशक्तिकरण और सुशासन जैसे प्रमुख विषयों पर निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। वर्ष 2025 में प्रारंभ एवं सुदृढ़ किए गए विशेष श्रेणी पुरस्कार जलवायु अनुकूलता, वित्तीय आत्मनिर्भरता तथा संस्थागत क्षमता निर्माण के महत्व को भी रेखांकित करते हैं, जो सतत् ग्रामीण परिवर्तन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि पंचायती राज मंत्रालय ने 'पुरस्कृत पंचायतों एवं संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियाँ' विषयक इस ई-पुस्तक के माध्यम से पुरस्कार विजेता पंचायतों की उपलब्धियों का संकलन किया है। मैं राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत सम्मानित सभी पंचायतों एवं संस्थानों को सेवा प्रदायगी, नवाचार और जनभागीदारी के प्रेरणादायी मानक स्थापित करने हेतु हार्दिक बधाई देता हूँ।

मुझे विश्वास है कि इस ई-पुस्तक में संकलित अनुभव और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियाँ देशभर की पंचायतों एवं संस्थानों को माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा सशक्त स्थानीय शासन के माध्यम से भारत की सतत् विकास लक्ष्यों की यात्रा को गति प्रदान करने के लिए प्रेरित करेंगी।

(प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

Office: Room No. 392, 'E' Wing, 3rd Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001
Residence: 7, K. Kamraj Lane, New Delhi
Phone: 011-23782143, 23782548, 23782518, E-mail Id: mos-mopr@gov.in

प्रो. एस.पी. सिंह बघेल
राज्य मंत्री
मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी
एवं
पंचायती राज मंत्रालय
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

पंचायती राज

Prof. S.P. SINGH BAGHEL
Minister of State for
Fisheries, Animal Husbandry & Dairying
and
Panchayati Raj
Government of India

MESSAGE

The Localisation of Sustainable Development Goals (LSDGs) through Panchayats reflects India's unique approach of rural local government-led developmental model where progress is driven through participation, inclusion, and community ownership. In a country of India's scale and diversity, the achievements of Panchayats demonstrate how local governance institutions can effectively contribute towards global development priorities while addressing the aspirations of rural citizens.

The National Panchayat Awards recognise these outstanding efforts and encourage Panchayats to continuously strive for excellence across key themes such as livelihoods, health, sanitation, infrastructure, environmental sustainability, women empowerment and good governance. The Special Category Awards introduced and strengthened in 2025 further highlight the importance of climate resilience, fiscal self-reliance, and institutional capacity building in achieving sustainable rural transformation.

It is heartening to see that the Ministry of Panchayati Raj has collated the achievements of awardee Panchayats through e-Book on 'Best Practices of awardee Panchayats and Institutions'. I take this opportunity to congratulate all Panchayats and Institutions recognised under National Panchayat Awards 2025 for setting inspiring benchmarks on service delivery, innovation, and public participation.

I hope the experiences and best practices documented in this eBook will motivate Panchayats and Institutions across the country to contribute actively towards the vision of Viksit Bharat of our Hon'ble Prime Minister and accelerate India's progress towards the SDGs through empowered local governance.

(Prof. S.P. Singh Baghel)

Office: Room No. 392, 'E' Wing, 3rd Floor, Krishi Bhawan, New Delhi-110001
Residence: 7, K. Kamraj Lane, New Delhi
Phone: 011-23782143, 23782548, 23782518, E-mail Id: mos-mopr@gov.in

विवेक भारद्वाज, भा. प्र. से.
सचिव
Vivek Bharadwaj, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली -110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi-110001

संदेश

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार, पंचायती राज मंत्रालय की उस सतत् प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब हैं, जिसके माध्यम से पंचायतों को उत्तरदायी, जवाबदेह और सतत् स्थानीय स्वशासन संस्थाओं के रूप में सशक्त बनाया जा रहा है। सतत् विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की रूपरेखा के अनुरूप ये पुरस्कार ग्रामीण विकास के विभिन्न महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में पंचायतों द्वारा प्राप्त प्रगति को मान्यता प्रदान करते हैं।

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों को पंचायत विकास सूचकांक 2.0 से जोड़ना जमीनी स्तर पर डेटा-आधारित मूल्यांकन और परिणामोन्मुखी शासन को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। सतत् विकास लक्ष्यों से संबंधित लगभग 150 संकेतकों पर आधारित यह रूपरेखा सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, जल सुरक्षा, पर्यावरणीय सतत्ता, आधारभूत संरचना, सुशासन, महिला सशक्तिकरण तथा स्वयं के स्रोतों से राजस्व सृजन जैसे विविध आयामों का व्यापक मूल्यांकन करती है।

14 केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के सहयोग से संपन्न पुरस्कार चयन प्रक्रिया स्थानीय शासन में उत्कृष्टता को मान्यता देने की समग्र एवं एकीकृत कार्यप्रणाली को दर्शाती है। 'आत्मनिर्भर पंचायत विशेष पुरस्कार' की शुरुआत तथा जलवायु केंद्रित दो पुरस्कारों को समेकित कर 'क्लाइमेट एक्शन स्पेशल पंचायत अवार्ड' के रूप में स्थापित करना, मंत्रालय की सतत्ता और आत्मनिर्भर ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है। यह प्रयास माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के आह्वान के अनुरूप है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि मंत्रालय ने 'पुरस्कृत पंचायतों एवं संस्थानों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियाँ' विषयक इस ई-पुस्तक में पुरस्कार विजेता पंचायतों की उपलब्धियों एवं नवाचारपूर्ण पहलों का संकलन किया है। मैं इस ई-पुस्तक में सम्मिलित सभी सम्मानित पंचायतों एवं संस्थानों को हार्दिक बधाई देता हूँ। मुझे विश्वास है कि उनकी उपलब्धियाँ अन्य पंचायतों को भी सशक्त स्थानीय स्वशासन, समावेशी एवं सहभागितापूर्ण विकास तथा भारत की सतत् विकास लक्ष्यों की प्रतिबद्धताओं की दिशा में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करेंगी।

विवेक भारद्वाज

(विवेक भारद्वाज)

Tel.: 011-23389008, 23074309 Fax : 011-23389028 E-mail : secy-mopr@nic.in

विवेक भारद्वाज, भा. प्र. से.
सचिव
Vivek Bharadwaj, IAS
Secretary

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड,
कृषि भवन, नई दिल्ली -110001
Government of India
Ministry of Panchayati Raj
Dr. Rajendra Prasad Road,
Krishi Bhawan, New Delhi-110001

Message

The National Panchayat Awards reflect the Ministry's continued commitment towards strengthening Panchayats as institutions of responsive, accountable, and sustainable local governance. Aligned with the framework of Localization of Sustainable Development Goals (LSDGs), the awards recognise measurable progress achieved by Panchayats across critical sectors of rural development.

The linkage of National Panchayat Awards with Panchayat Advancement Index (PAI) 2.0 marks a major step towards institutionalising data-driven assessment and outcome-based governance at the grassroots level. Covering around 150 indicators aligned with SDGs, the framework captures diverse dimensions including social protection, health, water security, environmental sustainability, infrastructure, governance, women empowerment, and Own Source Revenue mobilisation.

The process of selection of awardees undertaken in collaboration with 14 Central Ministries and Departments reflects a comprehensive and integrated approach towards recognising excellence in local governance. The introduction of 'Atma Nirbhar Panchayat Special Award' and consolidation of two climate-focused awards into the 'Climate Action Special Panchayat Award' further underline the Ministry's focus on sustainability, resilience, and self-reliant rural development in line with the vision of Viksit Bharat, a clarion call given by our Hon'ble Prime Minister.

I am extremely happy to note that the Ministry has compiled the best practices and achievements of the Award-winning Panchayats in this e-Book on 'Best Practices of awardee Panchayats and Institutions'. I take this opportunity to congratulate all award-winning Panchayats and Institutions featured in this e-Book. I hope their achievements will inspire many others towards building empowered Panchayats and contributing meaningfully towards India's SDGs commitments while creating replicable models of inclusive and participatory development.

Vivek Bharadwaj

(Vivek Bharadwaj)

Tel.: 011-23389008, 23074309 Fax : 011-23389028 E-mail : secy-mopr@nic.in

गरीबी मुक्त

एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत

गरीबी मुक्त पंचायत वह है जो सुनिश्चित करे:

- सामाजिक सुरक्षा ताकि कोई भी पुन: गरीबी में न जाए।
- सभी के लिए बेहतर आजीविका के साथ विकास एवं समृद्धि।

स्थानीय उद्देश्य एवं लक्ष्य:

- व्यक्तिगत/सामूहिक उद्यमों के माध्यम से आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन।
- स्वयं सहायता समूहों एवं किसान समूहों के सदस्यों का 100% बैंक लिंकेज।
- किसानों का केंद्रीय एवं राज्य पोर्टलों पर 100% पंजीकरण।
- आवास, पेयजल एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना।
- सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का 100% पंजीकरण।
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को 100% जॉब कार्ड तथा सक्रिय जॉब कार्ड धारकों को निरंतर रोजगार उपलब्ध कराना।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र परिवारों का 100% नामांकन एवं पात्रता आधारित राशन कार्ड सुनिश्चित करना।
- आयुष्मान भारत कार्ड योजना के अंतर्गत पात्र नागरिकों का 100% कवरेज।
- नागरिक अधिकार पत्र के अनुसार सेवाओं की 100% उपलब्धता सुनिश्चित करना।

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना / मिशन अंत्योदय डेटा के अनुसार वंचित लाभार्थियों की पहचान।
- जॉब कार्ड का प्रभावी वितरण।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पंजीकरण की सुविधा प्रदान करना।
- कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास एवं रोजगार के माध्यम से आय सृजन।
- सिंचाई, बेहतर बीज, जैव उर्वरक, नई तकनीकों की पहचान तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के उपयोग से भूमि उत्पादकता में सुधार।
- प्रशिक्षण एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना।
- ग्राम पंचायत विकास योजना निधियों एवं कार्यक्रमों का अभिसरण।

POVERTY FREE AND ENHANCED LIVELIHOODS PANCHAYAT

A POVERTY FREE PANCHAYAT IS ONE WHICH ENSURES:

- Social protection so that none slip back to poverty
- Growth and prosperity with enhanced livelihoods for all

LOCAL GOALS AND TARGETS:

- Economic development & employment generation through individual/collective enterprises
- 100% bank linkages of Self Help Groups (SHGs) and Farmers Group Members associated with Group
- 100% registration of farmers on central and state based portals
- Providing access to basic services such as Housing, Water and Sanitation etc.
- 100% registration of eligible beneficiaries under social security schemes.
- MGNREGS Job cards to 100% eligible applicants and continuous employment to active job card holders under Employment Guarantee Scheme.
- 100% enrolment eligible families under PDS and ensuring entitlement based ration cards.
- 100% coverage of eligible citizens under Ayushman Bharat Card Scheme
- 100% access to services in accordance with the Citizen Charter.

ROLE OF GRAM PANCHAYATS:

- Beneficiary identification (deprived) as per SECC/MA data
- Effective distribution of job cards
- Facilitating registration in PDS
- Income generation through skill training, entrepreneurship development and employment
- Improvement in land productivity through irrigation, better seeds, bio-fertilizers, identification of appropriate new technologies, use of KVKs
- Strengthening SHGs by handholding training and accessing bank linkages
- Convergence of GPDP funds and programs

गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत

मुद्रादी

ब्लॉक पंचायत: हेबरी
जिला पंचायत: उडुपी
राज्य: कर्नाटक

प्रोफाइल:

- स्थानीय शासन निर्देशिका कोड: 220434
- कुल जनसंख्या: 6,102
- कुल परिवार: 1,671

1st PRIZE

मुख्य उपलब्धियाँ

- 650 महिलाओं को 65 स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर 100% बैंक लिंकेज एवं 100 लाख रुपये के ऋण उपयोग को सुनिश्चित किया।
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 28,500 मानव-दिवस सृजित किए तथा 128 परिवारों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया।
- पात्र लाभार्थियों के लिए पेंशन योजनाओं में 100% संतृप्ति प्राप्त की।
- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं बसवा वसति योजना के माध्यम से सभी के लिए आवास सुनिश्चित किया।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 100% कवरेज प्राप्त किया।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत 100% कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन सुनिश्चित किए।
- किसान पंजीकरण एवं एकीकृत लाभ हस्तांतरण प्रणाली पोर्टल पर 100% किसानों का पंजीकरण किया।
- उत्पादक परिसंपत्तियों जैसे पशु शेड एवं वृक्षारोपण का निर्माण किया।
- वित्तीय समावेशन एवं महिला उद्यमिता को सशक्त बनाया।

स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ

चुनौतियाँ

- पश्चिमी घाट का दुर्गम भू-भाग, जिससे आधारभूत संरचना एवं सेवा वितरण प्रभावित हुआ।
- युवाओं का शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन, जिससे कृषि क्षेत्र में श्रम की कमी।
- डिजिटल विभाजन के कारण योजनाओं तक पहुंच में कठिनाई।
- रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत सामग्री भुगतान में देरी।
- ग्रामीण युवाओं में स्वरोजगार योजनाओं के प्रति सीमित जागरूकता।

दृष्टिकोण

- रोजगार गारंटी योजना को आवास एवं आजीविका योजनाओं से जोड़ते हुए अभिसरण मॉडल अपनाया।
- रोजगार दिवस एवं महिला सभाओं के माध्यम से सहभागी योजना निर्माण।
- आधुनिक एवं यंत्रीकृत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा।
- सामाजिक अंकेक्षण एवं सार्वजनिक प्रकटीकरण के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की।
- स्वयं सहायता समूहों, आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई।
- डिजिटल प्रशासन एवं वित्तीय समावेशन को मजबूत किया।

प्राप्त समर्थन

- केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वित्तीय सहायता।
- कृषि, पशुपालन एवं बागवानी विभागों से तकनीकी सहयोग।
- बैंकों एवं स्वयं सहायता समूह महासंघों से ऋण सुविधा।
- कृषि सखी, पशु सखी एवं बैंक सखी के माध्यम से क्षमता निर्माण।
- ग्राम सभाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता।

नवाचार

- महिलाओं द्वारा संचालित सूक्ष्म उद्यमों में अचार, पापड़, नाश्ते एवं जैविक फिनाइल का उत्पादन।
- "हेबरी हनी" मधुमक्खी पालन पहल।
- स्वयं सहायता समूह संचालित कैफे।
- स्वयं सहायता समूह सदस्यों हेतु व्यावसायिक परिसर।
- महिलाओं को "नल जल मित्र" के रूप में जोड़ना।
- सिलाई, सौंदर्य सेवाएं, डेयरी एवं पुष्पकृषि में कौशल विकास।

सतत्ता के लिए रोडमैप

- डिजिटल निगरानी प्रणाली एवं ग्राम सभा समीक्षा को संस्थागत रूप देना।
- स्वयं सहायता समूह आधारित उद्यमों का विस्तार।
- जलवायु अनुकूल कृषि एवं कुशल जल प्रबंधन को बढ़ावा।
- वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता को मजबूत करना।

Poverty Free and Enhanced Livelihoods Panchayat

MUDRADI

BLOCK PANCHAYAT : HEBRI
DISTRICT PANCHAYAT : UDUPI
STATE: KARNATAKA

Profile

- Local Government Directory (LGD) Code: 220434
- Total Population: 6,102
- Total Households: 1,671

1st PRIZE

KEY ACHIEVEMENTS

- Mobilized 650 women into 65 SHGs with 100% bank linkage and credit utilization of 100 lakhs.
- Generated 28,500 person-days under MGNREGS, with 128 households completing 100 days of employment.
- Achieved 100% saturation in pension schemes for eligible beneficiaries.
- Ensured housing for all through PMAY-G and Basava Vasati Yojana.
- Achieved 100% coverage under the Public Distribution System (PDS).
- Ensured 100% Functional Household Tap Connections under Jal Jeevan Mission.
- Registered 100% farmers on the FRUITS portal for Direct Benefit Transfer.
- Created productive assets such as cattle sheds and plantations under MGNREGS.
- Strengthened financial inclusion and women-led entrepreneurship.

Women engaged in SHGs

CHALLENGES FACED

- Rugged terrain of the Western Ghats affecting infrastructure and service delivery.
- Migration of youth to urban areas leading to labour shortages in agriculture.
- Digital divide affecting access to welfare schemes.
- Delays in MGNREGS material payments.
- Limited awareness regarding self-employment schemes among rural youth.

APPROACH TAKEN

- Adopted a Convergence Model integrating MGNREGS with housing and livelihood schemes.
- Conducted Rozgar Diwas and Mahila Sabhas for participatory planning.
- Promoted modern and mechanized agricultural practices.
- Ensured transparency through social audits and public disclosure of beneficiary lists.
- Leveraged SHGs, ASHA workers, and Anganwadi centres for awareness and outreach.
- Strengthened digital governance and financial inclusion initiatives.

SUPPORT RECEIVED

- Financial support from Central and State Government schemes.
- Technical assistance from Agriculture, Veterinary, and Horticulture Departments.
- Credit linkages facilitated by banks and SHG federations.
- Capacity-building support from Krishi Sakhis, Pashu Sakhis, and Bank Sakhis.
- Active community participation through Gram Sabhas and awareness programmes.

INNOVATIONS

- Women-led micro-enterprises producing pickles, papads, snacks, and organic phenol.
- "Hebri Honey" apiculture initiative empowering rural women.
- SHG-run café promoting women entrepreneurship.
- Commercial complex providing shops to SHG members at nominal rent.
- Engagement of women as Nal Jal Mitras for water management.
- Skill development initiatives in tailoring, beauty services, dairy farming, and floriculture.

ROADMAP FOR SUSTAINABILITY

- Institutionalization of digital monitoring systems and Gram Sabha reviews.
- Expansion of SHG-based enterprises through skill enhancement.
- Promotion of climate-resilient agriculture and efficient water management.
- Strengthening financial and digital literacy.
- Innovations
- Women-led micro-enterprises producing pickles, papads, snacks, and organic phenol.
- "Hebri Honey" apiculture initiative empowering rural women.
- SHG-run café promoting women entrepreneurship.
- Commercial complex providing shops to SHG members at nominal rent.
- Engagement of women as Nal Jal Mitras for water management.
- Skill development initiatives in tailoring, beauty services, dairy farming, and floriculture.

गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत

चेम्मुल्लापल्ली

ब्लॉक पंचायत: खाजीपेट मंडल
जिला पंचायत: वाईएसआर कडप्पा
राज्य: आंध्र प्रदेश

2nd PRIZE

प्रोफाइल:

- स्थानीय शासन निर्देशिका कोड: 198377
- कुल जनसंख्या: 2,419
- कुल परिवार: 692

मुख्य उपलब्धियाँ

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 100% खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।
- पात्र लाभार्थियों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित किया।
- सभी कच्चे मकानों को समाप्त कर 100% पक्का आवास सुनिश्चित किया।
- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 100% रोजगार उपलब्ध कराया।
- सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज सुनिश्चित किया।
- सभी घरों में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराए।
- 244 हेक्टेयर कृषि भूमि में 100% सिंचाई सुनिश्चित की।
- सभी 54 स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई।
- बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूत किया।

ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयाँ एवं हरित दूत

चुनौतियाँ

- छह बिखरी हुई बस्तियों तक योजनाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करना।
- जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि पर निर्भरता।
- स्वयं सहायता समूह सदस्यों में उद्यमिता कौशल एवं बाजार अनुभव की कमी।
- आय के स्रोतों में विविधता की आवश्यकता।

दृष्टिकोण

- ग्राम सभा सत्यापन के माध्यम से पारदर्शी लाभार्थी चयन।
- सिंचाई एवं रोजगार गारंटी परिसंपत्तियों के माध्यम से कृषि को सुदृढ़ किया।
- कौशल विकास एवं बाजार संपर्क के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाया।
- राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का अभिसरण।
- बैंकों एवं कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा।
- पारदर्शिता एवं दक्षता हेतु डिजिटल प्रशासन को अपनाया।

प्राप्त समर्थन

- केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वित्तीय सहायता।
- विभिन्न विभागों से तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग।
- बैंकों एवं स्वयं सहायता समूह महासंघों से ऋण सुविधा।
- कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से डिजिटल सेवाएं।
- ग्राम सभाओं के माध्यम से सक्रिय सामुदायिक सहभागिता।

नवाचार

- प्रभावी सेवा वितरण हेतु एकीकृत ग्राम सचिवालय।
- टेलीमेडिसिन सुविधा युक्त ग्राम स्वास्थ्य क्लिनिक।
- कृषि सहायता हेतु किसान सेवा केंद्र।
- जैविक खाद उत्पादन हेतु ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र।
- अंत:क्रियात्मक वॉयस रिस्पॉन्स प्रणाली आधारित स्वच्छता निगरानी।
- व्हाट्सएप आधारित प्रशासन एवं नागरिक सहभागिता।
- सुलभ बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन।

सतत्ता के लिए रोडमैप

- डिजिटल निगरानी प्रणाली एवं ग्राम सभा समीक्षा को संस्थागत बनाना।
- कौशल उन्नयन के माध्यम से स्वयं सहायता समूह आधारित उद्यमों का विस्तार।
- जलवायु अनुकूल कृषि एवं कुशल जल प्रबंधन को बढ़ावा।
- वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता को मजबूत करना।
- समावेशी विकास हेतु सामुदायिक निगरानी को बढ़ावा।

Poverty Free and Enhanced Livelihoods Panchayat

CHEMMULLAPALLI

BLOCK PANCHAYAT : KHAJIPET MANDAL
DISTRICT PANCHAYAT :YSR KADAPA
STATE: ANDHRA PRADESH

2nd PRIZE

Profile

- Local Government Directory (LGD) Code: 198377
- Total Population: 2,419
- Total Households: 692

KEY ACHIEVEMENTS

- Achieved 100% food security under the Public Distribution System.
- Ensured universal social security coverage for eligible beneficiaries.
- Attained 100% pucca housing, eliminating all kutcha houses.
- Provided 100% employment under MGNREGS.
- Achieved universal health insurance coverage.
- Ensured universal tap water connections.
- Enabled 100% irrigation across 244 hectares of cultivable land.
- Facilitated bank credit access for all 54 Self-Help Groups.
- Strengthened financial inclusion through banking and digital services.

Solid Wealth Processing Units and Green Ambassador

CHALLENGES FACED

- Ensuring last-mile delivery of welfare schemes across six dispersed habitations.
- Dependence on agriculture vulnerable to climate variability.
- Limited entrepreneurial skills and market exposure for SHG members.
- Need for diversification of income sources for sustainability.

APPROACH TAKEN

- Transparent beneficiary identification through Gram Sabha validation.
- Strengthened agriculture through irrigation and MGNREGS assets.
- Empowered SHGs through skill development and market linkages.
- Convergence of State and Central Government schemes.
- Promotion of financial inclusion via banks and Common Service Centres.
- Adoption of digital governance for transparency and efficiency.

SUPPORT RECEIVED

- Financial assistance from State and Central Government schemes.
- Technical and administrative support from line departments.
- Credit facilitation from banks and SHG federations.
- Digital services through Common Service Centres.
- Active community participation through Gram Sabhas.

INNOVATIONS

- Integrated Village Secretariat for efficient service delivery.
- Telemedicine-enabled Village Health Clinic.
- Rythu Seva Kendralu for agricultural support.
- Solid Waste Processing Centre producing organic compost.
- IVRS-based sanitation monitoring system.
- WhatsApp-based governance for citizen engagement and transparency.
- Strengthened financial inclusion through accessible banking services.

ROADMAP FOR SUSTAINABILITY

- Institutionalization of digital monitoring systems and Gram Sabha reviews.
- Expansion of SHG-based enterprises through skill enhancement.
- Promotion of climate-resilient agriculture and efficient water management.
- Strengthening financial and digital literacy.
- Community-led monitoring for inclusive growth.

गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत

ग्यालशिंग ओमचुंग

जिला: ग्यालशिंग
राज्य: सिक्किम

3rd PRIZE

प्रोफाइल:

- स्थानीय शासन निर्देशिका कोड: 254739
- कुल जनसंख्या: 3,050
- कुल परिवार: 623

मुख्य उपलब्धियाँ

- आय सृजन हेतु मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण एवं मधुमक्खी बक्सों का वितरण।
- 120 से अधिक युवाओं एवं महिलाओं को बांस शिल्प एवं हथकरघा प्रशिक्षण।
- अंत्योदय अन्न योजना, प्राथमिक परिवार श्रेणी, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से 95% गरीब परिवारों की पहचान एवं सहायता।
- किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण एवं सूक्ष्म उद्यम सहायता।
- 338 परिवारों को रोजगार गारंटी एवं अन्य आजीविका कार्यक्रमों से जोड़ा।
- बोर्ड परीक्षा छात्रों हेतु नि:शुल्क कोचिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन।

मनरेगा के अंतर्गत नागरिकों का पंजीकरण

चुनौतियाँ

- भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सीमित रोजगार अवसर।
- अनिश्चित मौसम एवं छोटी जोतों के कारण कृषि उत्पादकता में कमी।
- अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं एवं कमजोर डिजिटल कनेक्टिविटी।
- ऋण एवं वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच।
- दूरस्थ क्षेत्रों में खराब सड़क एवं आधारभूत संरचना।
- पारंपरिक सोच एवं जागरूकता की कमी।
- सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पात्र लाभार्थियों के नामांकन में कठिनाई।

दृष्टिकोण

- रोजगार एवं उद्यमिता हेतु कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए।
- आधुनिक कृषि उपकरण वितरित कर कृषि को बढ़ावा दिया।
- स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए तथा आशा कार्यकर्ताओं को मेडिकल किट उपलब्ध कराई।
- बैंकों के सहयोग से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए।
- इंटरनेट एवं सामुदायिक परिसंपत्तियों सहित आधारभूत संरचना को मजबूत किया।
- जागरूकता अभियान एवं ग्राम सभा सहभागिता के माध्यम से आय सृजन गतिविधियों को बढ़ावा दिया।
- केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का अभिसरण सुनिश्चित किया।

प्राप्त समर्थन

- केंद्र एवं राज्य सरकार के विभागों से वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग।
- बैंकों, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन टीमों एवं विभागों का सहयोग।
- महिलाओं के सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी।
- गैर-सरकारी संगठनों द्वारा जागरूकता एवं सामुदायिक सहयोग।
- पंद्रहवें वित्त आयोग एवं पाँचवें राज्य वित्त आयोग से वित्तीय सहायता।

नवाचार

- मधुमक्खी पालन एवं बांस आधारित आजीविका को बढ़ावा।
- बहु-क्षेत्रीय हस्तक्षेपों के माध्यम से अभिसरण आधारित गरीबी उन्मूलन।
- शिक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तीय समावेशन पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं एवं महिलाओं का क्षमता निर्माण।
- सहभागी योजना एवं समावेशी निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से जमीनी स्तर पर शासन को सुदृढ़ करना।

सततता के लिए रोडमैप

- शिक्षा एवं क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना।
- डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल वित्त में उन्नत कौशल प्रशिक्षण।
- विपणन सहायता एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से स्वयं सहायता समूह आधारित उद्यमों को बढ़ावा।
- मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक कल्याण को बढ़ावा।
- नशा एवं शराब दुरुपयोग रोकथाम अभियान।
- सतत आजीविका एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन।
- सहभागी शासन एवं ग्राम सभाओं के माध्यम से निरंतर निगरानी।

Poverty Free and Enhanced Livelihoods Panchayat

GYALSHING OMCHUNG

DISTRICT: GYALSHING
STATE: SIKKIM

3rd PRIZE

Profile

- Local Government Directory (LGD) Code: 254739
- Total Population: 3,050
- Total Households: 623

KEY ACHIEVEMENTS

- Provided apiculture training and distributed beehives to promote income generation.
- Organized bamboo craftsmanship and handloom training for over 120 youth and women.
- Ensured identification and support to 95% of poor households through schemes such as AAY, PHH, PM-JAY, Old Age Pension, SGAY, and GCI Sheets.
- Facilitated access to subsidized loans and micro-enterprises under schemes like KCC, PMEGP, and MUDRA.
- Linked 338 households with MGNREGA and other livelihood programmes.
- Promoted education by providing free coaching for board examination students and organizing inter-school quiz competitions.

Enrollment of citizen under MGNREGS

CHALLENGES FACED

- Limited employment opportunities due to geographical constraints.
- Low agricultural productivity caused by unpredictable weather, small landholdings, and human-wildlife conflict.
- Inadequate healthcare facilities and weak digital connectivity.
- Limited access to credit and financial services.
- Poor road connectivity and infrastructure in remote areas.
- Difficulty in motivating villagers due to traditional mindsets and lack of awareness.
- Challenges in enrolling eligible beneficiaries under social security schemes.

APPROACH TAKEN

- Organized skill development programmes to generate employment and entrepreneurship.
- Promoted modern agricultural practices by distributing tools such as tillers and grass cutters.
- Conducted health camps and provided medical kits to ASHA workers, with special attention to children and senior citizens.
- Facilitated financial literacy camps in collaboration with banks to improve access to credit.
- Strengthened infrastructure, including internet connectivity and community assets.
- Encouraged participation in income-generating activities through awareness drives and Gram Sabha engagement.
- Ensured convergence of Central and State Government schemes for holistic development.

SUPPORT RECEIVED

- Financial and technical support from Central and State Government Departments.
- Assistance from banks, SRLM teams, and line departments for livelihood promotion and financial inclusion.
- Active participation of Self-Help Groups (SHGs) in women's empowerment and economic development.
- Support from Non-Governmental Organizations (NGOs) in awareness generation and community mobilization.
- Funding through the 15th Finance Commission (Central) and the 5th State Finance Commission.

INNOVATIONS

- Promotion of apiculture and bamboo-based livelihoods for sustainable income generation.
- Convergence-driven poverty alleviation through multi-sectoral interventions.
- Community-led awareness programmes on education, health, and financial inclusion.
- Capacity-building of youth and women through vocational training.
- Strengthening grassroots governance through participatory planning and inclusive decision-making.

ROADMAP FOR SUSTAINABILITY

- Strengthening education and capacity-building initiatives for long-term development.
- Providing advanced skill training in emerging sectors such as data analysis, artificial intelligence, and digital finance.
- Enhancing SHG-based enterprises through marketing support and value addition.
- Promoting mental health awareness and social well-being.
- Organizing campaigns to prevent alcohol and drug abuse.
- Encouraging sustainable livelihood opportunities and entrepreneurship.
- Ensuring continuous monitoring through participatory governance and Gram Sabhas.

स्वस्थ पंचायत

स्वस्थ पंचायत वह है जो सुनिश्चित करे:

- सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण।
- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं।
- सभी का टीकाकरण।
- उचित एवं सुलभ दरों पर दवाओं की उपलब्धता।

स्थानीय उद्देश्य एवं लक्ष्य:

- अवरुद्ध वृद्धि एवं कुपोषण का उन्मूलन।
- किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया का उन्मूलन।
- कम लागत वाले, अत्यधिक पौष्टिक एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज, सब्जियां, फल, अंडे आदि की उपलब्धता।
- संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं उपचारात्मक उपाय।
- मातृ मृत्यु एवं पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु को शून्य करना।
- सभी के लिए चिकित्सा देखभाल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता।
- खुले में शौच मुक्त प्लस स्थिति प्राप्त करना।

ग्राम पंचायतों की भूमिका:

- बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करना (पोषण, परामर्श, सेनेटरी नैपकिन का उपयोग एवं सुरक्षित निपटान आदि)।
- माताओं एवं बच्चों के पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करना।
- संक्रामक रोगों (एनीमिया, तपेदिक, एचआईवी आदि) तथा असंक्रामक/जीवनशैली संबंधी रोगों (मधुमेह, कैंसर आदि) की रोकथाम एवं उपचार को बढ़ावा देना।
- विवाह एवं गर्भधारण की उचित आयु, मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता के प्रति जागरूकता।
- वृद्धजन देखभाल सहायता।
- आयुष पद्धतियों को बढ़ावा एवं उनका उपयोग।

HEALTHY PANCHAYAT

A POVERTY FREE PANCHAYAT IS ONE WHICH ENSURES:

- Good health and well-being for all at all ages
- Quality health services
- Vaccination of all
- Availability of medicines at reasonable and affordable prices

LOCAL GOALS AND TARGETS:

- Eliminate stunting and wasting
- Eliminate anaemia amongst adolescent girls and women
- Low cost, highly nutritious and locally procured cereals, vegetables, fruits, eggs etc.
- Preventive and curative measures for communicable diseases
- Zero maternal deaths, child deaths under 5 years
- Provision for medical care and health facilities for all
- Achieving Open Defecation Free+ stat
- us

ROLE OF GRAM PANCHAYATS:

- Ensuring children and mothers health (Nutrition, counselling, use & safe disposal of sanitary napkins etc.)
- Facilitating full immunization of mothers and children
- Prevention and facilitating treatment of communicable diseases (Anaemia, TB, HIV etc.) and non-communicable diseases/ life style diseases (diabetes, cancer etc.)
- Awareness on marriage and pregnancy age, mental health and disabilities
- Old-age care support
- Promotion and use of AYUSH

स्वस्थ
पंचायत

कंचनबाड़ी

ब्लॉक पंचायत: कुमारघाट ग्रामीण विकास ब्लॉक
जिला पंचायत: उनाकोटी
राज्य: त्रिपुरा

1st PRIZE

प्रोफाइल:

- स्थानीय शासन निर्देशिका कोड: 104033
- कुल जनसंख्या: 2,581
- कुल परिवार: 717

मुख्य उपलब्धियाँ

- 24×7 एम्बुलेंस सुविधा सहित पूर्णत: कार्यरत 20-बेड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।
- नियमित ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दिवस का आयोजन।
- 100% संस्थागत प्रसव तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर शून्य।
- तपेदिक मुक्त पंचायत का दर्जा प्राप्त तथा उच्च टीकाकरण कवरेज बनाए रखा।
- सामाजिक पेंशन योजनाओं के माध्यम से 137 व्यक्तियों को लाभ।
- 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में एनीमिया एवं अवरुद्ध वृद्धि के कोई मामले नहीं।
- आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत 100% कवरेज।
- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रमों का क्रियान्वयन।
- सभी परिवारों को बिजली, एलपीजी एवं नल जल कनेक्शन उपलब्ध।
- सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थापना।
- असंक्रामक रोग एवं मोतियाबिंद शिविर सहित नियमित स्वास्थ्य जांच।

स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता अभियान एवं टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार

चुनौतियाँ

- अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाएं एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में कठिनाई।
- ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों की अनियमित बैठकें।
- ग्रामीणों में असंक्रामक रोगों एवं तपेदिक के प्रति कम जागरूकता।
- स्वास्थ्य योजनाओं के अपूर्ण कवरेज की समस्या।
- अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक भागीदारी की सततता सुनिश्चित करना।

दृष्टिकोण

- स्वास्थ्य, एकीकृत बाल विकास सेवा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य योजनाओं का अभिसरण आधारित दृष्टिकोण अपनाया।
- आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य सखियों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान।
- तपेदिक उन्मूलन, असंक्रामक रोग जांच एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान।
- स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण एवं स्वस्थ जीवनशैली पर व्यवहार परिवर्तन अभियान।
- सरकारी स्वास्थ्य एवं बीमा योजनाओं के अंतर्गत 100% परिवार कवरेज।
- स्वास्थ्य सखियों एवं स्वास्थ्य क्लबों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया।
- ओपन जिम, सुरक्षित पेयजल एटीएम एवं जैविक खेती जैसी सामुदायिक परिसंपत्तियों का विकास।
- अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक खेती एवं वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बढ़ावा।

प्राप्त समर्थन

- जल जीवन मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वास्थ्य योजनाओं से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता।
- आधारभूत संरचना एवं स्वास्थ्य गतिविधियों हेतु विभागीय सहयोग।
- डिजिटल स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम।
- स्वयं सहायता समूहों एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता।

नवाचार

- अपशिष्ट पृथक्करण एवं वर्मी कम्पोस्टिंग सहित पूर्ण स्वच्छता कवरेज।
- सभी सार्वजनिक एवं घरेलू भवनों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं।
- स्वच्छ ईंधन हेतु एलपीजी एवं जैविक खेती को बढ़ावा।
- स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य क्लब एवं मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों सहित डिजिटल स्वास्थ्य पहल।
- जागरूकता अभियान एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता।

सतत्ता के लिए रोडमैप

- नियमित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, असंक्रामक रोग जांच एवं टीकाकरण अभियान जारी रखना।
- जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों का रखरखाव एवं उन्नयन।
- आपदा न्यूनीकरण हेतु जैविक सुरक्षा पट्टी एवं वृक्षारोपण का विस्तार।
- स्वास्थ्य एवं स्वच्छता परिसंपत्तियों में सामुदायिक स्वामित्व को मजबूत करना।
- डिजिटल निगरानी एवं शिकायत निवारण तंत्र को संस्थागत रूप देना।
- नवीकरणीय ऊर्जा, वर्षा जल संचयन एवं सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना।

Healthy Panchayat

KANCHANBARI

BLOCK PANCHAYAT KUMARGHAT RD BLOCK
DISTRICT PANCHAYAT UNAKOTI
TRIPURA

1st PRIZE

Profile

- Local Government Directory (LGD) Code: 104033
- Total Population: 2,581
- Total Households: 717

KEY ACHIEVEMENTS

- Fully functional 20-bed Primary Health Centre (PHC) with 24×7 ambulance support.
- Conducts regular Village Health and Sanitation Days (VHSD).
- Achieved 100% institutional deliveries, with zero maternal and child mortality.
- Achieved TB-Mukt Panchayat status and maintained high immunization coverage.
- Benefited 137 individuals through social pension schemes.
